# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
















संकलनकर्ता- मदनलाल खाण्डेकर, बुधराम खाण्डेकर हरिभूमि संवाददाता गिधौरी, मो.नं.- 99074-31370

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 छात्र-छात्राओं ने दी सुआ और राउत नृत्य की प्रस्तुति



16 सुआ नृत्य के लिए महिलाओं की टोली पहुंच रही घर-घर






## खबर संक्षेप

### तीन किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक सवार व्यक्ति से वाहन चेकिंग के दौरान सिंघोडा पुलिस ने तीन किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक सिल्वर कलर के ग्लैमर मोसा क्रमांक सीजी 06 जीटी 8148 में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। इसके बाद ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। बाइक सवार के वहां पहुंचने पर उससे पूछताछ की गई जिस पर उसने अपना नाम किरात भोई पिता केशबो भोई (50 साल) निवासी सिरबोड़ा बताया। तलाशी के दौरान आरोपी की बाइक के सीट कवर के अंदर 3 किलोग्राम खुला मादक पदार्थ गांजा कीमत 45 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### भलेसर में खाटू श्याम बाबा जन्मोत्सव 12 को

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव एवं भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत श्याम की पूजा शाम 6 बजे, भजन संध्या रात्रि 8 बजे से हनुमान मंदिर, साहड़ा चौक भलेसर में होगी। भजन संध्या में मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। श्याम सेवा परिवार भलेसर एवं समस्त ग्रामवासियों ने लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धा के लिए मयंक का चयन

**तेंदूकोना।** शहर के रिवरडेल स्कूल में अध्ययनरत छात्र मयंक पटेल राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके आधार पर छात्र मयंक का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। बता दें कि यह प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित है। छात्र मयंक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण पिलेश्वर पटेल क़े सुपुत्र है। छात्र के चयन पर बागबाहरा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू ने दी।

### शहर के नेहरू चौक में टाइमर लगाने की मांग

**महासमुंद।** जिला चैंबर ऑफ कामर्स ने शहर से गुजरे एनएच 353 नेहरू चौक के पास ट्रैफिक सिग्नल में टाईमर लगाने की मांग कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने मांग की है। खासकर सदर रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए समुचित कदम उठाने की भी मांग चैंबर ऑफ कामर्स महासमुंद ने की। इस दौरान चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष शंभू साहू, आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अजय चोपड़ा, सचिव शिरीष गंडेचा, महासचिव नीरज बिसेन, विजय त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# धनतरेस पर आज बरसेगा धन, दीपावली के लिए सजी शहर में दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

धनतेरस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। हालांकि पर्व कब मनाएं इसे लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति भी है। पंडितों के अनुसार धनतेरस पर्व मंगलवार 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर बाजार में पूजा सामग्रियों के अलावा अन्य सामानों की जमकर खरीदी होने की संभावना है। दीपावली पंच पर्व की शुरूआत कल 29 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। भगवान धनवंतरी के साथ धन की देवी माता लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पर्व को विधि-विधान से मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है।इधर पर्व को लेकर पूर्व से ही बाजार के दुकानों में साज-सजावट एवं पर्याप्त सामग्रियों का स्टाक किया गया है, जहां से खरीदी भी विगत सप्ताहभर से प्रारंभ हो चुकी है। धनतेरस के दिन खरीदी किए जाने की मान्यताएं है। जिसके चलते मंगलवार को सुबह से देर शाम तक बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल अधिक होने की संभावना है। लोग पर्व के लिए पूजा सामग्रियों के अलावा कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक्स आईटम, बर्तन सहित पर्व संबंधी आवश्यक सामग्रियों की खरीदी में जुटे रहेंगे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाजार में जमकर धन की वर्षा होगी।

## सामग्री खरीदारी का अतिउत्तम मुहूर्त शाम 6.31 से 8.13 बजे तक

### सजेगी रंगोली, जगमगाएंगे दीप

पंचाग एवं पंडितों के मुताबिक धनतेरस पर्व तिथि 29 अक्टूबर को सुबह 10.31 से प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 30 अक्टूबर को दोपहर 1.15 बजे होगा। ऐसी मान्यताएं हैं कि धनतेरस पूजा शाम को ही किया जाता है। लिहाजा 29 अक्टूबर को पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए अतिउत्तम मुहूर्त शाम 6.31 से 8.13 बजे तक है। इस मौके पर लोग अपने घरों में रंगोली सजाकर दीपक प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। हालांकि कई लोग पर्व को 30 अक्टूबर को भी मनाने की तैयारियों में है।



### पर्वों की श्रृंखला से बढ़ी व्यस्तता

दीपावली पंच पर्व के शुरूआत होने से पूर्व ही बाजार में चहल-पहल और रौनक बनी हुई है। पर्व के लिए शहरी सहित ग्रामीण जमकर खरीदी करने व्यस्त हैं। धनतेरस पर्व के साथ ही लगातार पर्वों की श्रृंखला के चलते बाजार में लोगों की और भी चहल-पहल बने रहने की संभावना है। पर्व के दौरान व्यवसायियों को बेहतर व्यवसाय होने की संभावना है। बाजार में कपड़े, ज्वेलरी, पूजा की दुकान, इलेक्ट्रानिक्स सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है।

**दीपावली से पहले खाद्य विभाग ने की थी छापामार कार्रवाई**

# मिलावटी खाद्य के 15 प्रकरणों पर 3.99 लाख रूपए का ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 263 नमूने की जांच में कई अमानक मिले

खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा 1 सितंबर से लेकर अब तक मोतीचूर लड्डू, बूंदी लड्डू, वनस्पति घी, आटा, खाद्य तेल, बिरयानी राइस, पनीर, चना दाल, सूजी, फरसान फ्लोर, गुड़, मिनी पेड़ा, कुंडा मिठाई, कलाकंद, मैदा, केक बेस इत्यादि विधिक नमूने लिए गए हैं। इसके साथ ही 24 सर्विलेंस एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा 263 नमूने जांच किए गए। मौके पर पाए जाने वाले अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए जांच के दौरान जिले के लगभग सभी ब्लॉक के कस्बों में जांच की गई है। न्याय निर्णयन अधिकारी अपर कलेक्टर जिला बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। 1 जुलाई से अभी तक के और प्रकरणों में अमानक एवं मिथ्या छाप कुल 15 प्रकरणों में लगभग 3 लाख 99 हजार का जुर्माना लगाया गया है। मिथ्या छाप आइस कैंडी हेतु महावीर किराना अर्जुनी 22 हजार रुपए, मिथ्याछाप चावल हेतु दिनेश किराना बलौदाबाजार 20 हजार रुपए, अमानक पान मसाला हेतु जगदीश सेल्स बलौदाबाजार 35 हजार रुपए, मिथ्या छाप मुखवास हेतु रिटेलर अमित पान मसाला गिधौरी 7 हजार रुपए और अभिषेक एजेंसी शिवरीनारायण को 50 हजार, अमानक मिर्ची हेतु कमलेश किराना बलौदाबाजार 15 हजार, अमानक पेड़ा हेतु सत्यम होटल कटगी 15 हजार, अमानकचाय पत्ती हेतु राम किराना 15 हजार मिथ्या छाप आटा हेतु विनिर्माता एवं विक्रेता कमल किराना पलारी 20 हजार एवं जगदम्बा एग्रो खरोरा 50 हजार, अमानक मंचूरियन ग्रेवी हेतु संजय राव रेस्टोरेंट भाटापारा 25 हजार, अमानक चिकन बिरयानी हेतु केजीएन बिरयानी बलौदाबाजार 15 हजार, अमानक दाल हेतु राजेश दाल जुनवानी 25 हजार, अमानक बर्फी हेतु कृष्णा जोधपुर स्वीट्स बलौदा बाजार को 15 हजार, अमानक आटा हेतु उत्तम किराना हथबंद 45 हजार, अमानक पप्पू आइस क्रीम कैंडी हेतु शेखर भाई कोल्डड्रिंक कटगी को 25 हजार रुपये की पेनाल्टी अधिरोपित की गई है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने दी हैं।



## लाहोद और अमेरा में लगा जागरूकता शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत लाहोद एवं ग्राम अमेरा में जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। राकेश बिहारी घोरे प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में उक्त साक्षरता शिविर में ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। शिविर में गिर्जेश प्रताप सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को विधिक संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी सहायता के तहत हमारे विभाग द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता सहायता के रूप में दिया जाता है। आप लोगों के संसाधनों के अभाव में अपना बचाव नहीं कर सकते हैं और अपना पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता नहीं रख सकते। उन्हें अधिवक्ता प्रदाय किया जाता है। प्रत्येक थाना में हमारे पैरालीगल वालिटियर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अगर आपको उनकी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## भारती का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ सूबेदार-उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर भर्ती–2021 चयनित अभ्यर्थियों की जारी सूची में पलारी अंचल की होनहार बेटी भारती मारकंडे का सब इंस्पेक्टर (उपनिरीक्षक) के पद पर चयन हुआ है, जो पलारी अंचल के लिए गौरव की बात है। भारती मारकंडे का जन्म पलारी ब्लॉक के छोटे से गांव बोहारडीह में एक सामान्य कृषक परिवार में हुआ है। उनके पिता पेशे से एक कृषक है। भारती मारकंडे पलारी महाविद्यालय से स्नातक तक पढ़ाई की है। वह छात्र जीवन से ही अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रा रही है। छात्र जीवन से ही उनकी खेल कूद में अत्यधिक रुचि रही हैं। कॉलेज के समय में कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी दौड़ में शुरू से ही सहभागिता प्रदान करती रही है। महाविद्यालय से निकलने के बाद भी उन्होंने अपने अद्वितीय प्रतिभा को जारी रखा और ▶▶ शेष पेज 12 पर



# गांवों में सुआ नृत्य की धूम, घर-घर पहुंच रही है बालिकाओं की टोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दीपावली पर्व पर अंचल में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुवा गीत नृत्य की धूम मची है। सप्ताहभर सुवा नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंच रहे हैं। इन दिनों छोटे बच्चों से लेकर युवतियां व महिलाएं सुवा नर्तक टोली गांव और ▶▶ शेष पेज 12 पर



# डॉ. वैदेही को मिला राष्ट्रपति के हाथों स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

- विश्वविद्यालय में एमबीबीएस में प्राप्त किया सर्वोच्च अंक

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्व विद्यालय रायपुर में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में नगर की डॉ. वैदेही यादव बाजपेयी को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा स्वर्गीय आशुतोष श्यामाचरण जी. नाथ तिवारी स्मृति गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमन डेका राज्यपाल, विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। वैदेही को यह पुरस्कार एमबीबीएस फाइनल पार्ट 2, 2023 में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। वे नगर के प्रमुख व्यवसायी आयुष्मान बाजपेयी की पत्नी व धीरज बाजपेयी की बहु हैं। वैदेही के स्वर्ण पदक से सम्मानित होने पर परिजनों व नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



**मंत्री का सांवरा बस्ती के लोगों ने किया जोशीला स्वागत**

# सौरा डेरा पहुंचे मंत्री टंकराम, बच्चों को बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कैबिनेट मंत्री युवा खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा अपने बलौदा बाजार प्रवास के दौरान कुकुदी स्थित सांवरा बस्ती में जाकर वहां के लोगों से मेल मुलाकात की।

दीपावली सहित गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं सभी सौरा परिवार के लोगों को दी। साथ ही साथ वहां के लोगों को मिठाइयां एवं बच्चों को पटाखे देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।

सौरा पारा में जल्द ही सीसी रोड सहित आवास की सुविधा देने की बात मंत्री ने कही। मंत्री का काफिला जैसे ही सौरा डेरा पहुंचा, ढेरे के लोग लाड़ लगाकर पटाखे फोड़े और फूल माला से उनका स्वागत किया। आंगनवाड़ी में बस्ती के लोगों से मंत्री एक–एक कर मिलते रहे। सभी के हाल–चाल तथा सभी की समस्याओं का निराकरण करते दिखे। बच्चों को मिठाई पटाखे भी मंत्री द्वारा वितरण किया गया।

इस अवसर पर विजय केसरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, नरेश भट्टर, योगेश अग्रवाल, हरिश्चंद्र वर्मा, संजू पटेल, संजय श्रीवास, अजय गर्ग, कन्हैया सेन, शुभम श्रीवास, सानू श्रीवास सहित सौरा बस्ती के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# पहले चरण में खाली रह गईं 50% सीटें तो फिर से मांगी अर्जी, एम-फार्मा में महज 71 ने दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

फॉर्मेसी पाठ्यक्रम से युवाओं का मोह भंग होते जा रहा है। पहले चरण में 60 फीसदी से अधिक सीटें रिक्त रह जाने के बाद दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए आवेदन छात्रों से मंगाए गए, लेकिन दूसरे चरण में आवेदन करने वाले छात्रों का ही टोटा पड़ गया। हालात ये हैं कि दूसरे चरण में एमफार्मा पाठ्यक्रम का अध्यापन करने सिर्फ 71 विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है। दूसरे चरण के लिए आवेदन 27 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। मेरिट लिस्ट जारी करने सहित प्रवेश व अन्य प्रक्रियाएं सोमवार से प्रारंभ होंगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों की 11 हजार 626 सीटें हैं। इनमें से बीफार्मा और डीफार्मा की 9 हजार 509 सीटें हैं। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 1488 सीटें हैं। एमफार्मा में सबसे कम 629 सीटें हैं। इतने कम संख्या में सीटें होने के बाद भी विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं। इंजीनियरिंग के बाद प्रदेश में फार्मेसी दूसरा पाठ्यक्रम है, जिसके लिए विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं।

- 27 अक्टूबर तक मांगे थे आवेदन, फॉर्मेसी में इस बार नहीं मिल रहे हैं विद्यार्थी
- प्रदेश में 11 हजार 626 सीटें, अब तक सिर्फ 4 हजार 822 में ही दाखिले



### किए गए हैं बदलाव

अन्य पाठ्यक्रमों की तरह फार्मेसी पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये परिवर्तन हुए हैं। हालांकि अन्य कोर्स की तुलना में इसमें कम बदलाव हुए हैं। चूंकि अभी तक सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर सकी हैं, ऐसे में नियमित कक्षाएं दीपावली के बाद ही प्रारंभ होने की संभावना है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी दिसंबर के स्थान पर अगले वर्ष के शुरुआती माह में होगी।

### प्रथम चरण में ऐसी थी स्थिति

प्रथम चरण में बीफार्मा और डीफार्मा की 4 हजार 247 सीटें ही भर सकी थीं, जो सीट संख्या की आधी भी नहीं है। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के जरिए 438 प्रवेश ही हुए। एमफार्मा में 438 विद्यार्थियों ने दाखिले लिए। कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे, जहां एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के तहत 29 अक्टूबर को आवंटन लिस्ट जारी होगी। जबकि 4 से 11 नवंबर तक प्रवेश होंगे। दूसरे चरण के लिए सबसे कम आवेदन एमफार्मा में मिले हैं। इसके लिए सिर्फ 71 छात्रों ने आवेदन किया है। बीफार्मा और डीफार्मा के लिए 1 हजार 435 ने फॉर्म भरे हैं। बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 75 आवेदन मिले हैं।

## खबर संक्षेप



### बिरगांव में सीएम और गृहमंत्री का पुतला दहन

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर कांग्रेस रायपुर द्वारा बिरगांव ब्यास तालाब चौक पर रविवार को मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों में, रायपुर जिला ग्रामीण के पदाधिकारियों ने बिरगांव स्थित व्यास तालाब के पास पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही है। प्रदेश के गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध में नारे लगाए। इस दौरान पुलिस ने पुतले छीनने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेसी पुतले जलाने में सफल रहे। पुतला दहन कार्यक्रम में बिरगांव महापौर नंदलाल देवागन, अध्यक्ष ब्लॉक योगेंद्र सोलंकी, उबरन दास, रानी गोस्वामी, सिन्हा दिलदार, राजेंद्र मिश्रा, जिया फारूकी, बाबा खान, दाऊलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

## औसतन दो दिन में एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे बदमाश

# शहर और आसपास 27 दिनों में चोरी की 14 बड़ी वारदातें, दुकान-घरों में लगाई सेंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लूट, हत्या जैसी गंभीर वारदातों को सुलझाने वाली पुलिस चोरों के सामने बेबस नजर आ रही है। शहर में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं। महज कुछ मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस चोरों के कब्जे से माल बरामद कर पाती है। बड़ी चोरी की घटनाओं में शामिल चोर अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। राजधानी के आउटर के साथ शहरी थाना क्षेत्रों में 27 दिनों के भीतर 14 बड़ी चोरियों की वारदातें हुई हैं। इन चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों ने कैश, सोने-चांदी के जेवर सहित 21 लाख रुपए के ज्यादा के सामान पर हाथ साफ किया है।

पुलिस से मिले डाटा के मुताबिक, लोगों के घरों में धावा बोलकर चोरों ने दो दर्जन के करीब चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनमें 14 चोरी की घटनाओं में चोर एक लाख रुपए से ज्यादा कैश समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटनाओं को सुलझाने संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम जांच कर रही है। बावजूद इसके बड़े मामले के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### बदमाशों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस अफसर पुराने बदमाशों की हिस्ट्री खंगालने के साथ ही उनके लोकेशन को ट्रेस कर रही है। साथ ही इस बात की जानकारी जुटा रही है कि हाल के दिनों में चोरी के प्रकरण में जेल में बंद बदमाश जेल से कब छूटे हैं। बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम पुराने शातिर चोरों को तलब कर पूछताछ कर रही है।

### एक ही रात में दो दुकानों के ताले टूटे

सेजबहार थाना क्षेत्र के डूंडा में चोरों ने चार दिन पूर्व दो दुकानों का ताला तोड़ एक लाख रुपए से ज्यादा कैश सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी की घटना को 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात अंजाम दिया गया था। इसी तरह गोलबाजार थाना क्षेत्र में चोरों ने फौवारा चौक स्थित प्रदीप अग्रवाल की दुकान पर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात दुकान से लगी धर्मशाला की खिड़की का शीशा तोड़ छत के दुकान में प्रवेश किया और कैश एक लाख 60 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर के घर पांच लाख की चोरी, चोरों का अब तक पता नहीं**





### स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका

पुलिस के अनुसार, अब तक चोरी के जो मामले सामने आए हैं, उनमें ज्यादातर मामलों में स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका है। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक, चोरी के मामलों की पड़ताल की जा रही है। कई चोरी के मामलों में पुलिस अफसर ने चोरों के बारे में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने के दावा किया है।

### अफसर के घर पांच लाख की चोरी, अब तक सुराग नहीं

सेजबहार थाना क्षेत्र के कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज जैसी हाईप्रोफाइल कॉलोनी में रहने वाले केंद्रीय गृहमंत्रालय के अफसर प्रवीण कुमार सिवान के सूने मकान में हुई चोरी की घटना को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। प्रवीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था। इस दौरान अज्ञात चोर उसके सूने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, नकदी समेत पांच लाख रुपए के ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

# महज चार हजार रुपए लेन देन के विवाद पर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- उपचार के दौरान हुई मौत
- घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महज चार हजार रुपए लेन-देन के विवाद पर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना चार दिन पूर्व 24 अक्टूबर की है। आरोपी ने मृतक की बहन को पैसे नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के बाद आरोपी ने रास्ता रोककर युवक पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया था।

पुलिस के मुताबिक, रमेंद्र निषाद की हत्या के आरोप में भीमा सारथी को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की बहन युक्ति ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को शाम छह बजे भीमा उनके घर आया और युक्ति को उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के एक घंटे बाद युक्ति को जानकारी मिली कि उसके भाई को भीमा ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जानकारी मिलने के बाद उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान रमेंद्र की मौत हो गई।

### अनिल को पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के दीक्षांत प्रांगण में 16 अक्टूबर को हुआ। कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष मध्य प्देश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र अनिल कुमार शुक्ला को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। श्री शुक्ला ने 'बघेलखण्ड की पत्रकारिता में लोकजीवन : एक अध्ययन' विषय पर अपना शोधकार्य संपन्न किया है। वे वर्तमान में रायपुर में रहते हुए छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं।

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल छग का नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल घोषित




**रायपुर।** ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल को प्रतिष्ठित एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा छत्तीसगढ़ के नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल के रूप में मान्यता दी गई है। यह पुरस्कार न केवल इसे राज्य का शीर्ष स्कूल बनाता है, बल्कि रायपुर का भी नंबर 1 स्कूल घोषित करता है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग दुनिया की सबसे बड़ी और गहन स्कूल रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण है, जिसमें देशभर के 8,500 से अधिक विशेषज्ञों से साक्षात्कार कर यह रैंकिंग दी जाती है। दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्या, जयश्री नायर और उप-प्रधानाचार्या, नेहा सेठी ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

## एसी ब्लास्ट मामला

# शार्ट पीएम में पुष्टि- दम घुटने से हुई दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट की घटना में संचालक आरिफ मंजूर खान तथा ऑफिस स्टाफ मुस्कान की मौत दम घुटने की वजह से होने की पुष्टि शार्ट पीएम की रिपोर्ट में हुई है। घटना के दूसरे दिन फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम दूसरी बार घटनास्थल की जांच करने पहुंची।

गौरतलब है कि देवेंद्र नगर सेक्टर-1 में एसी ब्लास्ट की घटना हुई थी। जिस बिल्डिंग में यह घटना हुई थी, उसके नीचे के माले पर कोचिंग सेंटर संचालित था। एसी से आग निकलते देख आरिफ ने कोचिंग में पढ़ने आए बच्चों को सुरक्षित निकल जाने के लिए कहा। इसके बाद आरिफ अपने स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकालने अपने ऑफिस के अंदर दाखिल हुआ। उसी समय ऑटोमैटिक डोर तथा खिड़की लॉक हो गए और एसी में धमाके के साथ विस्फोट हो गया। एसी ब्लास्ट होने की वजह से आरिफ तथा मुस्कान झुलस गए। आशंका जताई जा रही थी कि दोनों की मौत झुलसने से हुई होगी, लेकिन शार्ट पीएम रिपोर्ट में दोनों की मौत दम घुटने से होने की पुष्टि की गई है।


ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट, संचालक समेत दो की मौत

- शनिवार देर शाम शार्ट सर्किट से एसी में हुआ था विस्फोट
- बिल्डिंग में नहीं था फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम

### बिल्डिंग में होम्योपैथिक क्लीनिक भी

देवेंद्र नगर के सेक्टर-1 में जिस बिल्डिंग में एसी ब्लास्ट की घटना हुई। वह बिल्डिंग एक गलीनुमा जगह पर स्थित है। पुलिस के अनुसार, यह तीन फ्लोर की कमर्शियल बिल्डिंग है, जहां होम्योपैथिक क्लीनिक के अलावा कोचिंग सेंटर तथा ऑटोमेशन आर्ट का ऑफिस संचालित है।

### मकान मालिक को नोटिस देने की तैयारी

बिल्डिंग के अंदर दाखिल होने गलीनुमा एक संकरा रास्ता है। इसके अलावा बिल्डिंग में किसी भी तरह के फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम नहीं है। इसे देखते हुए एएसपी सिटी लखन पटले ने मकान मालिक को नोटिस देने की बात कही है।

### केंद्रीय मंत्रालय की सलाहकार समिति में बृजमोहन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा गठित कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में इस बात की जानकारी दी गई है। आदेश के मुताबिक, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी को समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल को प्राक्कलन समिति के साथ ही लोकसभा की कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति का पहले ही सदस्य बनाया जा चुका है।

# बाजारों और प्रमुख मार्गों की सफाई दो पालियों में कराने निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के व्यावसायिक इलाकों, बाजार क्षेत्रों सहित प्रमुख मार्गों को साफ-सुथरा रखने निगम प्रशासन अब दो पाली में सफाई कराने जा रहा है। इस कार्य में संबंधित जोन की जोन गैंग और निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग की टीम लगाई जाएगी, ताकि दीपावली त्योहार के दौरान नियमित रूप से कूड़ा-करकट का समय रहते परिवहन हो सके। मालवीय रोड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार सहित अन्य इलाकों में सुबह के अलावा रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था बनाने की तैयारी है।

दीपावली त्योहार के समय व्यावसायिक इलाकों व बाजारों में निकलने वाले कचरे की बहुतायत देखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पखवाड़ेभर अब दो पाली में सफाई पर फोकस कर रहा है। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम



जोन 2, जोन 4 और जोन 7 क्षेत्र स्थित व्यावसायिक इलाके और प्रमुख मार्गों सहित प्रमुख बाजारों की सफाई पर विशेष ध्यान देने संबंधित जोन के जेडएचओ को निर्देशित किया गया है कि सुबह और देर शाम सफाई मित्रों की मदद से दो पाली में सफाई कराई जाए।

इसके लिए प्रत्येक जोन में 15 सफाई कर्मचारियों को जोन गैंग के रूप में रखा गया है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर संबंधित जोन की मांग पर सफाई कार्य में सहयोग करने सेंट्रल गैंग से भी सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 10 जोन में प्लेसमेंट से 150 सफाईकर्मी

नगर निगम के दस जोन में 150 सफाई कर्मचारी जोन गैंग के नाम पर प्लेसमेंट में रखे गए हैं। इसी तरह निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग टीम अलग से है, जिसमें 43 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 11 सफाई कर्मचारी की ड्यूटी वीआईपी इलाके की साफ-सफाई के लिए सुरक्षित है, जबकि 32 कर्मचारियों को बड़े आयोजनों सहित जोन स्तर पर सफाई की आवश्यता पड़ने पर उपलब्ध कराया जाता है।

### दिसंबर माह से 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति

रायपुर राजधानी के 14 वार्डों में दिसंबर माह से लोगों को 24 घंटे शुद्ध पानी मिलने लगेगा। प्रति मिनट 5 लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इस पायलट प्रोजेक्ट से शहर की 1.25 लाख आबादी को राहत मिलेगी। प्रयोग सफल रहा तो शहर के अन्य वार्डों में भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा। राजधानीवासियों को पीने का साफ पानी 24 घंटे उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एबीडी एरिया के 14 वार्डों को चिन्हांकित कर वहां पॉयलट प्रोजेक्ट शुरू किया है।

## पेज 11 के शेष

### गांवों में सुआ ...

नगर में लोगों के घर आंगन दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही है। सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व विशेष को लेकर छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुवा नृत्य करने पहुंच रही है। वहीं नगर पंचायत पलारी सहित अंचल के आसपास गांवों में सुआ नृत्य की टोली बैंड बाजा, पेटी तबला के साथ पहुंच रही है। नृत्य देखने के लिए बच्चों की भीड़ एकत्रित होती है। सुवा नृत्य के लिए बालिकाओं के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रहा है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती है। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। सुआ नर्तक दल को लोग अपनी क्षमता अनुसार रुपया, अनाज उपहार देते हैं। पश्चात टोली आशीष देती हुई अगले प्रतिष्ठान सुआ नृत्य करती है।

### भारती का सब ...

उसी की बदौलत आज इस मुकाम पर पहुंचकर पूरे अंचल को गौरांवित किया है। उनके चयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, पलारी महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पिंटू वर्मा, उपाध्यक्ष ऋषि साहू,पुनीत रजक, हर्षू वर्मा, माहेश्वरी बंजारे, संदीप ठाकुर, तनुश्री चंद्राकार, दीपक वर्मा, गैंदराम धीवर, योगेश कनौजे सहित उनके कॉलेज बैच के सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### लाहोद एवं ग्राम...

सहायता की आवश्यकता पड़ती है, आप उनसे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नालसा द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर 15100 में भी आप अपनी शिकायत कर सकते हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# शहर के बाजारों में दिखने लगी दीपावली की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दीपावली त्योहार जैसे जैसे पास आता जा रहा है, वैसे-वैसे बजारों में भी उथल-पुथल चालू हो गई है। कपड़ा बाजार, सराफा बाजार व अन्य सभी बाजारों में ग्राहकों का तांता लगने लगा है। वहीं यातायात विभाग की लोगों को भीड़ से बचने के लिए पूरा जोर लगा रहा है।

हिन्दू परंपरा में एक बड़ा पर्व दीपावली जिसे देश के सभी लोग जश्नोंभाव से मनाते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक मनचाही खरीदी का इंतजार इस पर्व में पूरा होता है। शहर में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने से प्रशासन के सामाजिक व्यवस्था का भी भार बढ़ जाता है। वहीं नगर में प्रत्येक स्थान पर पुलिस बल लगी तो है, पर बड़े अधिकारी स्वयं मार्च करते हुए व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। नगर के थाना प्रभारी परिवेश तिवारी के साथ साथ बड़े अधिकारी एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार भी प्रशासन की व्यवस्था में कोई चुक ना हों इस पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।







## छात्र-छात्राओं ने दी सुआ और राउत नृत्य की प्रस्तुति

**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत प्राथमिक शाला छड़िया में दीपावली छुट्टी के पहले अंतिम कार्यदिवस पर छात्र–छात्राओं द्वारा सुआ, राऊत नाचा, गौरी – गौरा आदि स्थानीय पारम्परिक लोकनृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा के अलावा विद्यालय के प्रधान पाठक शांता पठारे एवं शिक्षकगण प्रवीण कुमार साहू, देव प्रसाद ध्रुव, सुनीता मैडम सहित ग्रामवासी व पालकगण उपस्थित थे।



DELHI WORLD PUBLIC SCHOOL
A Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E, New Delhi
BHATAPARA - BALODA BAZAR

देवी महालक्ष्मी की कृपा से, आपके घर में हमेशा उमंग और आनंद की रौनक हो।
धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ



REGISTRATION OPEN
(SESSION : 2025 - 2026)
NURSERY TO IX & XI

क्या आपके बच्चे भविष्य के लिए तैयार हैं ?
दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भाटापारा, आत्मचेतना को केंद्र में रखकर विद्यार्थीयों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है। यह अपने पाठ्यक्रम में नवीन शिक्षा योजना की मूल भावना को कार्य योजना में शामिल करने वाला प्रथम पंक्ति का विद्यालय है। हम विद्यार्थी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर कार्य करके उसमें समग्र विकास को सुनिश्चित करते हेतु पंच आयाम कार्यक्रम के माध्यम से सफल प्रयास कर रहें हैं।

SPECIAL SKILL DEVELOPMENT PROGRAM FOR FOUNDATIONAL STAGE (NURSERY - II)



Salient Features -
- Pioneer in Implementing NEP 2020.
- Five fold Holistic Development of the child-Cognitive Development, Physical Development, Linguistic Development, Skill Development, Spiritual Development.
- Dedicated Activity Area for Music, Dance, Art&Craft, Indoor Sports, Outdoor Sports, Synthetic Floor for Lawn Tennis & Basketball, Auditorium, Swimming Pool.
- Integrated Approach of Value Education with CBSE Curriculum.
- Well equipped Montessori Lab (for Pre Primary Students), Physics Lab, Chemistry Lab, Bio Lab & Advance Computer Lab.
- 100% Classes are equipped with Smart Board.
- Special Personality Development Program.

Scholarships for Meritorious Students

+91 74404 02042
+91 74404 02314
+91 74404 02313
www.dwpsbhatapara.com
Follow now
Village: Khamhariya, Baloda Bazar Road, Bhatapara, Dist. Baloda Bazar, C.G.

धनतेरस ,दिपावली, गोवर्धन पुजा, भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
जीतो लाखों के उपहार और साथ में भारी छूट भी...
मानकः पथप्रदर्शकः
10000 रू. के सोने/चांदी के आभूषणों की खरीदी पर पायें 1 लकी ड्रॉ कूपन और जीतें लाखों के उपहार
22 कैरेट HUID BIS सरकार द्वारा प्रमाणित व अन्य सभी कैरेट के सोने के प्रति 10 ग्रा. आभूषणों की खरीदी पर 5100 रू. की बम्पर छूट एवं 11000 रू. के चांदी के आभूषणों की खरीदी पर 1100 रू. की बम्पर छूट
महामाया जैकपॉट
लकी ड्रॉ योजना
योजना 27 अक्टूबर 2024 से 27 जनवरी 2025 तक



1st PRIZE 1 नग 125 सीसी पल्सर बाइक
2nd PRIZE 5 नग फ्रीज
3rd PRIZE 5 नग वाशिंग मशीन
4th PRIZE 5 नग कलर टीवी 32" LED
5th PRIZE 5 नग ANDROID मोबाईल फोन
*वास्तविक परस्कार दिखाये गये चित्र से भिन्न हो सकते है।
योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारे शोरूम में पधारें...

महामाया ज्वेलर्स
शुद्ध सोने-चाँदी के हॉलमार्क आभूषणों के विक्रेता
भागवत भवन के सामने मारुति किराना के बाजू
मेन रोड एवं दुर्गा चौक, कसडोल

## खबर संक्षेप

### गायत्री ज्ञान परीक्षा में साढ़े 12 हजार छात्र हुए शामिल

**दुर्ग।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण भारत में संपन्न होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष अपने जिले से 12735 छात्र शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि, इस वर्ष 192 स्कूल कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें सर्वाधिक छात्र संख्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय बोरी से 297 छात्र थे। दुर्ग शहर में सर्वाधिक छात्र केंद्रीय विद्यालय से 285 छात्र शामिल हुए। दीप शिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई से 292 छात्र बैठे और कॉलेज स्तर पर सर्वाधिक छात्र विश्वनाथ यादव तमस्कर विज्ञान महाविद्यालय से 120 छात्र बैठे। दुर्ग भिलाई क्षेत्र से स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, महिला महाविद्यालय भिलाई, बीआईटी, कन्या महाविद्यालय दुर्ग, देव संस्कृत महाविद्यालय खपरी, स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज भिलाई, आदि के छात्र शामिल हुए। समिति के महासचिव धीरज लाल टांक ने बताया कि, इस परीक्षा के सफल आयोजन में सर्वाधिक योगदान राज्य सचिव सहित सभी जिलों के डीईओ, बीएलओ, प्राचार्यों व शिक्षकों का भरपूर योगदान निरंतर मिलता है।

### डॉ पाणिग्रही स्वच्छता वीर से सम्मानित

**दुर्ग।** इस्पात नगरी भिलाई स्थित कला निकेतन के भव्य सभागार में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के आयोजन में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय की अध्यक्षता एवम दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के विशेष आतिथ्य में स्वच्छता वीर सम्मान का आयोजन किया गया। इस कड़ी मे स्वच्छता दूत, स्वच्छता सेनानी, स्वच्छता चैंपियन, ओडीएफ मैन सहित विभिन्न सम्मान से नवाजे गए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक रीकेश सेन एवं अतिथियों ने स्वच्छता वीर सम्मान प्रदान किया गया।

# सात सौ बिस्तर का नया अस्पताल बनाने दिवाली पर मिलेगा 85 करोड़ की पहली किस्त का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में उपचार सुविधा के विकास के लिए सात सौ बिस्तर के नए अस्पताल भवन निर्माण के लिए दिवाली में 85 करोड़ की पहली किस्त उपहार के रूप में मिलने के आसार हैं। तीन सौ करोड़ की योजना के तहत एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए नाबार्ड द्वारा राशि को मंजूरी दी गई।

माना जा रहा है कि दिवाली के बाद इस राशि के उपयोग से प्रस्तावित स्थल में खड़े पुराने हॉस्टल के तोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी तय करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई और उनके नेतृत्व में ही भवन निर्माण का काम पूरा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 325 करोड़ का है, जिसमें भवन निर्माण से लेकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सुविधा दिलाना है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाई गई इस योजना को वर्तमान सरकार द्वारा बजट में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद बड़ी रकम की व्यवस्था के लिए नाबार्ड द्वारा मदद ली गई है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि योजना के तहत पहली किस्त को मंजूरी दे गई है और इसके दिवाली के पहले अथवा तुरंत बाद रिलीज किए जाने की संभावना है। माना जा रहा है कि एकीकृत अस्पताल की योजना काफी बड़ी है और इसे पूर्ण करने में काफी वक्त लगने की संभावना है।

## नाबार्ड द्वारा मंजूर की गई है एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए राशि

### ऑडिटोरियम के पिछले हिस्से में भवन

प्रस्तावित नए एकीकृत अस्पताल भवन के लिए जिस जर्जर हॉस्टल के चिन्हित किया गया है, वह मेडिकल कॉलेज सभागार के पिछले हिस्से में है। विभिन्न उतार-चढ़ाव के साथ हॉस्टल भवन की जगह अस्पताल बनाने की योजना को हरी झंडी दी गई है। प्रस्तावित अस्पताल स्थल तक आम लोगों की पहुंच बनाने के लिए मार्ग बनाने की योजना को भी हरी झंडी दी गई है।




### ओवरलोड अस्पताल के विस्तार की जरूरत

सात सौ बिस्तर के सेटअप में चल रहे आंबेडकर अस्पताल में अभी 14 सौ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां बढ़ रही मरीजों की संख्या और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भवन विस्तार की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। आवश्यकता का ध्यान रखते हुए बनाए जाने वाले नए भवन में सेंट्रलाइज एसी के साथ उन सब सुविधाओं का प्रावधान किया गया है, जो पुराने भवन में नहीं हैं।

## प्लाट का ज्यादा, मकान का कम क्रेज

# त्योहार के लिए रीयल एस्टेट भी तैयार आसान कर्ज ने मध्यम वर्ग को रिझाया

■ ज्यादा कीमत वाले मकान और प्लाट पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में अब रीयल एस्टेट में बूम आ गया है। लोग धनतेरस, दीपावली के लिए मकान और प्लाट की लगातार बुकिंग करा रहे हैं। मकानों से ज्यादा प्लाट का क्रेज है। खासकर मध्यम वर्ग प्लाट में पैसे लगाना ज्यादा पसंद कर रहा है। वैसे निवेश करने वाले भी महंगे प्लाट में निवेश कर रहे हैं। मध्यम वर्ग अब थोड़े महंगे मकानों की तरफ भी आकर्षित हुआ है। इस समय आसानी से मकानों के लिए 90 फीसदी तक ऋण मिलने के कारण मध्यम वर्ग के लोग भी 40 से 50 लाख तक के मकान खरीद रहे हैं। धनतेरस से लेकर दीपावली तक प्रदेश में हजार करोड़ का रीयल एस्टेट का कारोबार होने की संभावना है। लोगों को खरीदी के लिए त्योहारी सीजन में नवरात्रि, धनतेरस और दीपावली का बड़ा इंतजार रहता है। इनमें लोग मकान भी खरीदते हैं। नवरात्रि में भी लोगों से मकान लिए हैं। इसके बाद कुछ मकान पुष्य नक्षत्र में भी बिके, लेकिन अब लोगों ने धनतेरस और दीपावली के लिए मकानों के साथ प्लाट की भी बुकिंग कराई है।



### हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

*बिल्डरों के मुताबिक, रीयल एस्टेट में सालभर में 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है। इसमें से आसानी से आठ से दस फीसदी तक का कारोबार धनतेरस और दीपावली में हो जाता है। संभावना है कि प्रदेश में हजार करोड़ का कारोबार आसानी से हो जाएगा। इसमें जहां चार सौ करोड़ के आसपास मकान बिकेंगे, वहीं छह सौ करोड़ के प्लाट बिकेंगे। इस कारोबार में गृह निर्माण समिति और आरएडीए का भी हिस्सा शामिल रहेगा। राजधानी के बिल्डर शैलेश वर्मा और विजय नत्थानी का कहना है कि जिस तरह से मकानों और प्लाट की बुकिंग हो रही है, उससे लग रहा है कि इस बार अच्छा कारोबार होगा।*

### महंगे प्लाट और मकान खरीदने में दिलचस्पी

बिल्डरों का कहना है कि इस समय महंगे मकान के साथ महंगे प्लाट का क्रेज बढ़ गया है। पैसे वाले और निवेश करने वाले जहां एक करोड़ से ज्यादा कीमत वाले बंगले खरीद रहे हैं, वहीं अब मध्यम वर्ग भी 40 से 50 लाख वाले मकान खरीदने में रुचि दिखा रहा है। हालांकि मध्यम वर्ग की ज्यादा पसंद प्लाट है, क्योंकि अगर किसी कारणवश प्लाट का उपयोग नहीं कर पाते हैं तो उसको बेच देते हैं, लेकिन मकान को बेचना आसान नहीं होता और इसकी कीमत में प्लाट की तुलना में कम फायदा होता है। मकान से ज्यादा प्लाट की कीमत में इजाफा होता है। प्लाट में भी जहां मध्यम वर्ग 20 से 30 लाख के प्लाट ले रहे हैं, वहीं अमीर वर्ग एक करोड़ से ज्यादा के प्लाट खरीद रहे हैं।

# राज्य सरकार से मांगेंगे राज्योत्सव का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ रजत जयंती पर 10 चौराहों पर आतिशबाजी

छत्तीसगढ़ सरकार इस बार होने वाले राज्योत्सव में मुंबई के कलाकारों को बुलाकर करोड़ों रूपए खर्च करने वाली है। वहीं स्थानीय लोक कलाकारों को तवज्जो नहीं दी जा रही है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलनकारी इस बार राज्योत्सव पर होने वाले खर्च का हिसाब सरकार से मांगने की बात कह रहे हैं। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल दुबे, प्रभारी जीपी चंद्राकर और संयोजक जागेश्वर प्रसाद ने इस मामले में कहा है कि संगठन इस बार 25वें राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारवार्ता में कहा कि आंदोलनकारी संगठन ने 1 नवंबर वर्ष 2000 से राज्योत्सव मनाना शुरू किया। इसका अनुसरण प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने एक साल बाद किया, यानी सरकार द्वारा 2025 में रजत जयंती मनाई जाएगी। वहीं संघर्ष समिति ने पहले साल से इसका शुभारंभ किया, इसलिए हम राज्योत्सव को रजत जयंती के रूप में इस साल 23 अक्टूबर से प्रदेशभर में मना रहे हैं। रथयात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच जाने के साथ लोक कलाकारों को भी मंच दे रहे हैं। 1 नवंबर को रायपुर के जयस्तंभ, कालीबाड़ी, लाखेनगर, स्टेशन चौक, शास्त्री चौक, कलेक्ट्रेट चौक, भगत सिंह चौक सहित 10 चौक-चौराहों पर रात में आतिशबाजी भी करेंगे।

### शहीद संत कंवरराम साहेब का शहादत दिवस 1 को

**रायपुर।** संत कंवरराम नगर कटोरातालाब युवा परिषद के अध्यक्ष और संत कंवरराम सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि 1 नवंबर को अमर शहीद संत कंवरराम साहेब के शहादत दिवस पर संत कंवरराम चौक पर रात्रि 9.30 बजे महाआरती, 85 दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। और रात्रि 10 बजे 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।



समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
श्रीमती बीना साहू सरपंच
श्री केशव ध्रुव सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत मोपर

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
HP GAS
बजरंग एच पी गैस एजेंसी
प्रो. भुनेश्वरी देवांगन
मो. 9827110127

समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
श्रीमती हेमिन बाई ध्रुव सरपंच
श्री सुरेश कुमार देवांगन सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत ढाबाडीह

ग्राम पंचायत तुरमा
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लक्ष्मी नारायण जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत तुरमा
श्री नोहर सिंह ध्रुव सचिव ग्राम पंचायत तुरमा

ग्राम पंचायत अमलीडीह
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा
एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती सोन किरन सतीष ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत अमलीडीह
दीपसीखा वर्मा सचिव ग्राम पंचायत अमलीडीह

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
हरि ओम सेनेटरी
जय स्तंभ चौक के पास भाटापारा

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
श्रीमती सत्याबाई ध्रुव सरपंच
श्री रामेश्वर लहरी सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत टोनाटार

ग्राम पंचायत मल्दी
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भोलाप्रसाद वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत मल्दी
श्यामरतन लहरी सचिव ग्राम पंचायत मल्दी

ग्राम पंचायत भोथीडीह
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती शांतिदेव चरण साहू सरपंच ग्राम पंचायत भोथीडीह
श्री मनीष दुबे सचिव ग्राम पंचायत भोथीडीह

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
शुभ दीपावली
श्री खेदू सेवक राम साहू सरपंच
श्री सतीश कुमार वर्मा सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत देवरी

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
श्री परमेश्वर लहरी सरपंच
श्री विष्णु प्रसाद वर्मा सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत बोरसी (ध)

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व,
गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं

अभिषेक मिश्रा (संवाददाता)

अभिनव मिश्रा (अधिवक्ता)
ABM LAW ACADEMY
हरिभूमि अखबार (पेपर), समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें-
अभिषेक मिश्रा, संवाददाता-भाटापारा, मो.- 9090090107, 6264463895, 8319444412

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
दुबे बोरवेल्स
टेक्समो कंपनी के एक मात्र अधिकृत विक्रेता
पेंट एवं सेनेटरी सामानों की भरपूर रेंज
Taro Pumps
Texmo Industries Est. 1956
TEXMO
प्रो. सुनील दुबे
तरेंगा रोड, भाटापारा

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस,
दीपावली पर्व,
गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं
श्रीमती गिरीजा बाई वर्मा सरपंच
श्री धनीराम साहू सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत बेन्द्री

समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, दीपावली पर्व, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज
की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
श्रीमती नीतू आडिल सरपंच
श्री निरंजन ध्रुव सचिव
विनीत- ग्राम पंचायत बोड़तरा

ग्राम पंचायत हसदा
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भुपेन्द्र कुमार वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत हसदा
श्री दौलतराम साहू सचिव ग्राम पंचायत हसदा

समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई...
द वर्ल्ड ऑटो
खालसा ई-रिक्शा, लोडर एवं स्पेयर्स पार्ट्स
सेल्स | सर्विस | स्पेयर्स पार्ट्स
जमीन, मकान फ्लैट, खेत दुकान खरीदी बिक्री व
किराये हेतु संपर्क करें
रायपुर/बिलासपुर/भाटापारा/बलौदाबाजार
जैन लोहा बाड़ा बालाजी इंजीनियरिंग चौक, पोस्ट ऑफिस रोड,
कल्याण सागर/नयागंज वार्ड, सोनी भवन परिसर, भाटापारा
मो. 7587399755, 8349155143

Since 2004 त्योहारों की उमंग Since 2004
बाबूजी मोबाईल के संग
दीवाली धमाका
ऑफर ही ऑफर
बलौदाबाजार भाटापारा जिले कि सबसे बड़ी दुकान का सबसे बड़ा ऑफर
द्वितीय पुरस्कार
तृतीय पुरस्कार
हीरो प्लेजर प्लस
प्रथम पुरस्कार
चतुर्थ पुरस्कार
पंचम पुरस्कार
5 लक्की ग्राहकों को 1-1 (चांदी का सिक्का)
5 लक्की ग्राहकों को 1-1 (ट्रॉली बैग)
0% ब्याज पर मोबाईल उपलब्ध।
iPhone OPPO vivo Infinix ONEPLUS SAMSUNG motorola Redmi realme के अथोराईज्ड डीलर
हमारा पता :- पुलिस थाना के पिछे बुक डिपो के सामने, आजाद चौक
भाटापारा तरेंगा रोड, बंधन बैंक के सामने महतारी चौक, भाटापारा,
मो.- 9302298000, 9617820000

धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई...
कमाइये, सीखिये और प्रगति कीजिये !
इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु
2 पासपोर्ट फोटो, 10 वी पास मार्कशीट की कॉपी,
आधार कार्ड, पेन कार्ड की प्रतिलिपि के साथ संपर्क करें -
भूपेन्द्र कुमार यादव (गोलू)
(विकास अधिकारी)

भारतीय जीवन बीमा निगम
सेटेलाईट शाखा तिल्दा,
मुख्य शाखा - भाटापारा
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
LIC एजेंट बनिये
अपने सपने साकार कीजिये...
संपर्क करें- 87707 62339 99261 15823

यश दाल मिल
की ओर से समस्त देशवासियों को
धनतेरस, दीपावली, रूप चतुर्दशी,
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा
एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
प्रो. कैलाश बलानी
ग्रामीण थाना के पीछे, मुढ़ीपार रोड, पटपर, भाटापारा

## खबर संक्षेप

### चूड़ामणी बने टीचर्स एसोसिएशन के जिला सचिव



**पलारी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा की अनुशंसा से चुड़ामणी साहू व्याख्याता आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल को बलौदाबाजार जिला का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर उन्हें छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव, जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, महासचिव तेज वैष्णव, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, दीपक सारंग, मंतराम सागर, महेंद्र वैष्णव, बुद्धेश्वर ध्रुव, महेंद्र साहू, संतोष कुमार साहू सहित छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बलौदा बाजार के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### दो पिकअप आपस में टकराई, तीन गंभीर

**भिलाई।** दो पिकअप वाहन आपस में टकरा जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों ने ठोकर मारने वाले चालक को दौड़कर पकड़ लिया। मिली जानकारी के मुताबिक दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे पिकअप वाहन में 25 लोग सवार थे। जिसमें सामने आ रही है पिकअप वाहन जोर ठोकर मार दिया। घटना में दोनों पिकअप वाहन के चालकों को चोटे आई है। हादसा आईआईटी भिलाई के पास की है। ठोकर से पिकअप वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 8 लोग घायल है। जिसमें 3 की हालत गंभीर है। खबर लिखे जाने तक घायल का शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### बोर्ड क़े परिणाम को मजबूत करने होगी परख परीक्षा

**दुर्ग।** बोर्ड परीक्षा के परिणाम को मजबूत करने अब शिक्षा विभाग द्वारा लोकल क्लास के बच्चों की दक्षता की परख की जाएगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता जांचने के लिए शासन ने एक नए कार्यक्रम परख की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों की तीन विषय को लेकर परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा चार दिसंबर को होनी है। इससे पहले जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को इसके लिए तैयार किया जाएगा। बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने से पहले ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि, नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद कई तरह के बदलाव शिक्षण प्रणाली में देखने को मिली है। इसी में से एक हर साल दिसंबर में आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेंट परीक्षा है, जिसे अब परख कार्यक्रम का नाम दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता का आंकलन करने के लिए देशभर में आगामी तीन दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। बहरहाल सरकारी शिक्षकों को ही जिले में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ बनाया गया है। ऐसे में अब इन कार्य के साथ ही परख की तैयारी कराने शिक्षकों को काफी कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ेगा।

## निधन

### किशोर गुप्ता



**बलौदाबाजार।** नगर के गौरवपथ निवासी और सेवानिवृत्त स्टेट बैंक अधिकारी किशोर गुप्ता का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 5 बजे रायपुर मार्ग स्थित मोक्षधाम के लिए निकली, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी एवं उनके मित्रगण व परिजन शामिल थे। वे निशांत सर्राफ व नेहल सर्राफ के पिता एवं रिशांत सर्राफ के दादा थे।

# बलरामपुर पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत के लिए सरकार दोषी

## कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में युवक गुरुचरण मंडल की हुई मौत पर कांग्रेस ने सरकार और पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार मानते हुए कटघरे में खड़ा किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, बलौदाबाजार ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी व शहर अध्यक्ष रुपेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बलरामपुर में युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है, लेकिन पुलिस बचने के लिए दावा कर रही है कि बाथरूम में फांसी लगाकर मौत हुई है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती।




### सरकार बेपटरी हो चुकी है : कांग्रेस

जब जनता अपने जान माल कि सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर जाए तथा राज्य के हालात अराजक हो जाए तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया, जो सरकार की अकर्मण्यता का नतीजा है। जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रहा है। सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है। एसपी और कलेक्टर दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हटाने के बाद भी सरकार कानून व्यवस्था नहीं सम्भल पा रही ।

गुरुचरण मण्डल उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में क्यों रखा गया? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत क्यों नहीं किया गया? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि इस मामले की जांच उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में किया जाए। दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में रोज रोज हो रही घटनायें यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनाएं रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है।

## सुविधा : कुम्हारों से नगर पालिका नहीं लेगा किसी भी प्रकार का टैक्स

# कलेक्टर ने बाजार में खरीदे मिट्टी के दीये, कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी स्थानीय बाजार में पहुंचकर कुम्हारों से मिट्टी के दिये एवं ग्वालिन खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी हासिल की। बलौदाबाजार निवासी कृष्णा पांडे ने कलेक्टर को बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है।

नगर पालिका द्वारा भी किसी प्रकार का टैक्स नहीं लिया जा रहा है। मिट्टी के बर्तन बनाने के बहुत समय से इलेक्ट्रॉनिक चाक नहीं मिलने की बात बताई गई, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि हम कुम्हारों को माटी कला बोर्ड के माध्यम से जिले के कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए आवश्यक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस मौके पर उन्होंने जिले वासियों से कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है। दीपावली में आर्थिक गतिविधियां तेज होती है।

अनेक से छोटे-बड़े समुदाय इसे बड़ी आस भरी नजरों से देखते हैं। दीपावली के दौरान घरों में दीये एवं लाइटों का उपयोग बड़ी संख्या में करते हैं। इन वस्तुओं में विदेशी वस्तुओं का उपयोग ना ही करें। उनकी जगहों में हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। जिले में बड़ी संख्या में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये एवं महिला स्व सहायता समुहों द्वारा भी दिये बड़ी संख्या में बनाये जा रहे हैं। आप सभी इन्हीं दियों का ही उपयोग करें।

इनसे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। अतः आप सभी से आग्रह है आप ऐसे ही दीयों का उपयोग करें। इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश में पटाखा का उपयोग निर्धारित समय में रात 8 से 10 बजे तक का ही करें। पटाखों में हो सकें तो ग्रीन पटाखों का सुरक्षित तरीके से उपयोग करें।

### कुम्हारों को दी जाने वाली सुविधा का आदेश जारी

दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है। मिट्टी के दीये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण ध्यान रखा जाए। नगरपालिका, नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार की कर की वसूली न की जाए। साथ ही आमजन को दीये के उपयोग के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने आमजनों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़-बिलाईगढ़



जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के निवासियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को लिखित में निर्देश दिए हैं। इन आवेदनों सर्वाधिक लगभग 30 आवेदन पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का है। इसी प्रकार नवीन राशनकार्ड, अंत्योदय राशनकार्ड, राशनकार्ड ट्रांसफर, ग्राम खोखेपुर के कोटवार को निरस्त करने, चांपा निवासी ठेकेदार रामगोपाल सोमानी के विरुद्ध शिकायत, चौपाल और कुआं पर कब्जा हटाने, पटवारी की शिकायत, अभिलेख दुरुस्ती, पेंशन दिलाने, ग्राम बंदारी के सरपंच सचिव पर कार्रवाई के लिए आवेदन, निःशुल्क दवा हेतु आवेदन, आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पदार्थों का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि, वन अधिकार पत्र, भरण पोषण दिलाने, ग्राम तेंदुआ का पानी पाइप सुधारने और अशोक कुमार चंद्रा पूर्व प्रबंधक को सेवा सहकारी समिति मर्यादित बरदुला उलखर का प्रभार नहीं देने का पत्र प्राप्त हुआ। इस प्रकार के कई आवेदन से जनदर्शन में कलेक्टर धर्मेश साहू जनता की समस्याओं से रुबरु हुए।

- सर्वाधिक आवेदन पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के मिले

# एबीसी में दीपावली पर हुई रंगोली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में दीपावली उत्सव में दीया डेकोरेशन, दीया मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। दीया डेकोरेशन और दीया मेकिंग में जिया वर्मा केजी 2 प्रथम, अनवी वर्मा केजी 1 द्वितीय, सक्षम प्रजापति पांचवी प्रथम, ताबीज अंसारी चौथी द्वितीय, उपासना वर्मा आठवी प्रथम और सुमन वर्मा द्वितीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से पांचवी – भव्य दीवान प्रथम और डॉली साहू, सुनिधि द्वितीय, कक्षा छटवीं से आठवीं – आंचल और उपासना प्रथम, रिया वर्मा द्वितीय, कक्षा दसवीं ग्रुप प्रथम और कक्षा नवमी ग्रुप द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों ने दीपोत्सव प्रतियोगिता का प्रदर्शन किए एवं विभिन्न थीम में रंगोली सजाये और श्री राम की स्तुति गान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के सीईओ, डायरेक्टर और प्रबंध समिति के सदस्य मौजूद थे। सभी अतिथियों ने बच्चों के कला कृति की सराहना करते हुए सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों और स्टॉफ को दीपावली की बधाई दी।

# छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधन ने मनाई दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अमेरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, सकरी में दिवाली पर्व पर विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने दिवाली के पांच दिन के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किया। केजी 1 से दूसरी कक्षा के बच्चे श्रीराम, लक्ष्मण, सीता हनुमान के रूप में आए, जिससे ऐसा प्रतीत हुआ मानो भगवान स्वयं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में सबको आशीर्वाद देने पधारे हों। स्वागत तिलक, नृत्य और आरती के माध्यम से हुआ। जिससे पूरे विद्यालय में भक्ति और उत्साह का वातावरण बन गया। विशेषसभा में कक्षा 7 वीं की छात्रों ने राम आएंगे नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता और दिया सजावट प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, जिसमें उनकी रचनात्मकता और उत्साह देखने योग्य था। प्रधानाचार्य शशि कुमार ने दिवाली का संदेश दिया और सभी को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चे आकर्षक वेशभूषा में दिखाई दिए, जिसमें स्टाफ में शिवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, डिगेश्वर प्रसाद साहू, दिलीप वर्मा, ममता तिवारी, तुलसी साहू, गीतिका यादव, नंदा भट्ट, वंदना यादव, रेणुका वर्मा, वर्षा कश्यप, गुनेश्वरी, नीरज, गौरव, देव बंजारे, अमृता शर्मा, हेमकिरण, शशि, गायत्री मानिकपुरी उपस्थित थे।



# सुआ नृत्य के लिए महिलाओं की टोली पहुंच रही घर-घर



**खरोरा।** आधुनिकता की चकाचौंध में कई पारंपरिक लोक नृत्य दम तोड़ रहा हैं। प्रदेश की पहचान पारंपरिक सुआ नृत्य भी अब धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर है। हालांकि कला से जुड़े लोग टोलियां बनाकर परंपरा जिंदा रखने जद्दोजहद कर रहे हैं। एक जमाना था, जब लोग स्वयं होकर नर्तक दलों को घर के सामने और आंगन में नचाते थे। फिर इन्हें अपनी क्षमतानुसार रुपए और अनाज देकर विदा करते थे। बदले में नर्तक दल सुख-समृद्धि का आशीष देते थे। हर घर की आंगन सुआ गीत से गुलजार हो उठते थे, लेकिन कुछ सालों से यह परंपरा सिर्फ बच्चों तक सिमटकर रह गई है। भौतिकता की भागमभाग में परंपरागत लोकनृत्यों का भविष्य कहीं न कहीं अब दांव पर है। रायपुर से लगे खरोरा क्षेत्र में महिलाएं टोलियां बनाकर सुआ नृत्य करने घरों में पहुंच रही हैं। सुआ नर्तक दल घर की मुहाटी पर दस्तक देकर दीवाली के आगमन का संदेश दे रहें हैं।

### डेढ़ दशक में शहर की दुर्गति के लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार

**रायपुर ।** पिछले डेढ़ दशक में शहर की जो दुर्गति हुई है, उसके लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार है। स्मार्ट सिटी के फंड का दुरुपयोग खुलकर किया गया। बिना टेंडर शहर में काम कराए गए। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता के दौरान इस आशय के आरोप कांग्रेस पर लगाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा विकास और कांग्रेस विनाश के लिए कार्य करती है। उन्होंने कांग्रेस के दो पूर्व महापौर किरणमयी नायक और प्रमोद दुबे सहित वर्तमान महापौर एजाज ढेबर पर जनहित तथा विकास कार्य की अनदेखी का आरोप लगाया।




## कार्यक्रम में खेलों के महत्व की विस्तार से दी जानकारी

# मार्शल आर्ट्स एकेडमी ने आयोजित किया जूडो टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



वर्ल्ड जूडो डे के उपलक्ष्य में मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा प्रथम क्लब स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला हैपकिडो संघ के संरक्षक कैलाश बालानी, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीतांबर साहू, जिला जूडो संघ की सचिव पी. किरन, जिला जूडो संघ के सहसचिव अभय केशरवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष विकास आडील, कोमल शर्मा, अमृत साहू एवं सरिता ध्रुव उपस्थित थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विकास आडिल ने खेलों के महत्व को बताया और क्लब के प्रेरणा स्त्रोत पी सुरेश राव को याद करते हुए उनके भाटापारा नगर में खेल के प्रति जागरूकता एवं उनके दूरदर्शिता के विषय में बताया। समापन समारोह में जिला जूडो संघ के सदस्य राहुल शर्मा, मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय संघ के ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू, सीनियर खिलाड़ी युवराज साहू, कुमेश साहू, मनीष ठाकुर, सोमेश सिन्हा, अन्नपूर्णा देवांगन, संदीप, बलराम, नीतू, लारेंस इत्यादि उपस्थित रहे।

